**निवेश** | **एक्सपोर्ट क्वालिटी के कपड़ों की मैन्युफैक्चरिंग में महिलाओं को मिलेगा रोजगार**

# अब गारमेंट हब बनेगी काशी, 61 करोड़ के निवेश से 4 प्रोजेक्ट में शुरू हुआ उत्पादन

**माई सिटी रिपोर्टर**

**वाराणसी।** बनारसी साड़ी के अलावा अब गारमेंट हब के रूप में भी बनारस की पहचान दुनिया में होगी। प्रदेश में निवेश का बेहतर माहौल बनाने के बाद ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट और इन्वेस्ट यूपी के प्रयास रंग लाने लगे। इसका असर वाराणसी में भी देखने को मिल रहा है। एक्सपोर्ट क्वालिटी के कपड़ों की मैन्युफैक्चरिंग में महिलाओं को रोजगार मिलेगा।

ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी में हैंडलूम एंड टेक्सटाइल विभाग के 61 करोड़ के निवेश से चार प्रोजेक्ट में उत्पादन शुरू हो गया है। इससे लगभग 190 लोगों को रोजगार मिल रहा है।

मुंबई से नौकरी छोड़कर वाराणसी में यूनिट शुरू करने वाले एपी इंटरप्राइजेज के डायरेक्टर प्रिंस सिंह ने बताया कि मुंबई और घर से दूर काम कर रहे लोगों को भी इस प्रोजेक्ट के जरिये घर के पास रोजगार उपलब्ध कराया गया है।

अरविंद लिमिटेड (निटिंग गारमेंट्स फॉर डोमेस्टिक एंड एक्सपोर्ट सेल्स) गारमेंट्स उत्पादन के लिए 75 करोड़ की लागत से फैक्ट्री लगा रही है, इससे 1500 लोगों को रोजगार मिलेगा। इसमें महिलाओं की संख्या अधिक होगी। इसे लेकर कुल 86 करोड़ के निवेश वाले तीन प्रोजेक्ट जल्दी शुरू होंगे। इस प्रोजेक्ट के शुरू होने से 16 सौ लोगों को रोजगार मिलना प्रस्तावित है।

## *शुरू होंगी 3 इकाइयां*

- *कंपनी अरविंद लिमिटेड : निटिंग गारमेंट्स फॉर डोमेस्टिक एंड एक्सपोर्ट सेल्स, प्रस्तावित रोजगार 1500*
- *बनारस वीव प्राइवेट लिमिटेड : हैंडलूम एंड टेक्सटाइल, प्रस्तावित रोजगार 50*
- *ताशी डिजाइन स्टूडियो : हैंडलूम एंड टेक्सटाइल, प्रस्तावित रोजगार 50*